सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 26 आषाढ़ 1936 (श०) / 17 जुलाई, 2014 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 80**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 24 |
| (2) नगर विकास विभाग | .. | .. | 33 |
| (3) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) कृषि विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 80 |

पानी मुहैया कराना

'क'-*159. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पटना में वार्ड नं0 17, चाँदपुर बेला मोड़ स्थित मोटर पम्प से गंदे व बदबुदार पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे आमजन उक्त पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में आम नागरिकों के हित में कबतक शुद्ध पानी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सहायता राशि देना

*957. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर, खरीक और नरायणपुर प्रखंड में नवम्बर 2013 के भीषण तूफान और अतिवृष्टि के कारण किसानों को फसल बर्बाद हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों की सहायता के लिये बिहपुर प्रखंड में 16 लाख रुपया दिसम्बर, 2013 में स्वीकृत हुआ था, परन्तु किसानों को उसका लाभ नहीं मिला ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुक्तिधाम की व्यवस्था

*958. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड में एक नगर पंचायत है, जिसमें 14 वार्ड है तथा 15 पंचायत भी है, लेकिन पूरे प्रखंड में एक भी मुक्तिधाम नहीं है, जिस कारण नगर पंचायत एवं पंचायतों के लोगों को शवदाह में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में स्थाई मुक्तिधाम की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*959. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला का जमालपुर प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय को अपना भवन नहीं रहने के कारण भाड़े के मकान में चल रहा है यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय का सरकारी भूमि पर भवन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'क'- दिनांक 10 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

पशु अस्पताल बनाना

*960. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड के जयपुर में वर्ष 2006 में ही पशु अस्पताल बनाने की स्वीकृति दी गयी थी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ पशु अस्पताल को बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

'ख'-*961. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखण्ड में कृषि भवन निर्माण कार्य 2009-10 में कराया गया जो अबतक अपूर्ण है, तथा प्राक्कलन के विपरीत कार्यों के कारण बीच का बिम धंस गया है, फलतः कभी भी भवन ध्वस्त हो सकता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर अनियमित कार्य करने वाला संवेदक एवं पदाधिकारी के ऊपर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

शौचालय का निर्माण

*962. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 मार्च, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''जिलों में शौचालय निर्माण की रफ्तार सुस्त'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के जिलों में 12 लाख 97 हजार 208 शौचालय बनाने का निर्णय वर्ष 2013-14 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शौचालय निर्माण की रफ्तार कम है, जिसकी वजह से मात्र पौने दो लाख शौचालयों का ही निर्माण कार्य शुरू हो पाया है, जिसमें से फरवरी, 2014 तक सिर्फ पाँच हजार शौचालयों का निर्माण हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा आजतक 12 लाख 97 हजार 208 शौचालयों के निर्माण के विरुद्ध मात्र पाँच हजार शौचालयों के निर्माण का क्या औचित्य है, सरकार कबतक उक्त वर्णित शौचालयों का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

-------

जलमीनार का निर्माण

*963. प्रो0 उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्रों के घनी आबादी वाले गाँवों में जलमीनार निर्माण करने की योजना राज्य सरकार द्वारा 2010-11 से स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा प्रखण्ड के मलामाँ, इन्दौत एवं धोबी गाँव में जलमीनार नहीं होने के कारण जनता को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त गाँवों में जलमीनार का निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट--'ख'- भवन निर्माण विभाग से कृषि विभाग में स्थानांतरित ।

गोदाम में रखवाना

*964. श्री कन्हैया कुमार--दिनांक 31 मई, 2014 को प्रकाशित समाचार-पत्र के शीर्षक ''सड़ता धान अधिकारी अनजान'' के अलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगर प्रखंड स्थित एस0एफ0सी0 क्रय केन्द्र के द्वारा खरीदा गया डेढ़ लाख क्विंटल धान सड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारी द्वारा उक्त क्रय क्रेन्द्र के प्रभारी को खरीदे गये धान को पानी से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया था, परन्तु प्रभारी द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसके कारण धान सड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खरीदे गये धान को गोदाम में रखवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला को जोड़ना

*965. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के मौलाबाग मुहल्ले में वर्ष 2011-12 में नगर पंचायत, दाउदनगर द्वारा पारसनाथ सिंह के घर से डॉ0 राम परीखा यादव के घर तक नाला का निर्माण कराया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला को मुख्य नाला (दर्पण स्टूडियों के निकट) से नहीं जोड़े जाने के कारण उक्त मुहल्लेवासी के आवासों के गंदे पानी का निकासी अवरुद्ध है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप नाला को मुख्य नाला (दर्पण स्टूडियो) के निकट से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*966. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंड में प्रखंड पशु-चिकित्सक का पद दो वर्षों से रिक्त है, जिससे पशुपालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सोनवर्षा प्रखंड में कबतक पशुचिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से मुक्ति

*967. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में अधिकांश मोहल्ले में जल निकासी की सही व्यवस्था नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में भीषण जल-जमाव की समस्या रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में जल निकासी के लिये ड्रेनेज का डी0पी0आर0 बनाने के लिये रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज प्रा0 लि0 को मार्च, 2013 में ही दिया गया था, इसकी समयावधि छः माह थी, लेकिन अभीतक उक्त कम्पनी ने डी0पी0आर0 जमा नहीं किया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा नगर को जल-जमाव से मुक्ति दिलाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*968. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग के निर्देशानुसार प्रखंडों में गठित किसान सूचना एवं सलाहकार समिति के खाते से राशि की निकासी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं किसान सूचना एवं सलाहकार समिति के अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर में किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी, इसुआपुर जिला सारण द्वारा समिति अध्यक्ष के हस्ताक्षर के बिना उक्त खाते से राशि की निकासी स्वयं एक अपना हस्ताक्षर से करते आ रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*969. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा नगर पंचायत के दोगच्छीया पीच रोड से महादलित टोला होते हुये जजानी पीच रोड का सड़क का पक्कीकरण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिवरेज का निर्माण

*970. श्रीमती सुखदा पाण्डेय- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर शहर में बुडको के द्वारा वर्ष 2012 में ही 82 करोड़ की लागत से सिवरेज के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया, किन्तु सितम्बर, 2013 से उक्त निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिवरेज निर्माण का कार्य पूरा करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वाहन पड़ाव चालू कराना

*971. श्री विजय कुमार सिन्हा- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत पूर्व बाइपास में वाहन पड़ाव तैयार है एवं सारी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद भी इसे चालू नहीं किया जा रहा है और मजबूरन वाहन मालिक बाजार समिति के वन विभाग के कार्यालय के पास गाड़ी खड़ा करते हैं, जिससे सड़क जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार नवनिर्मित वाहन पड़ाव को कबतक चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुदान राशि नहीं देना

*972. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि चार साल पूर्व वैद्यनाथन समिति की अनुशंसानुसार सभी पैक्सों को सुदृढ़ करने हेतु अनुदान की राशि देनी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त समिति की अनुशंसा के आलोक में विभिन्न जिलों में पैक्सों को सुदृढ़ करने हेतु राशि वितरित की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो भागलपुर सहकारी अधिकोष के अन्तर्गत पड़ने वाले भागलपुर एवं बाँका जिला के 60 पैक्सों को अनुदान की राशि अबतक नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

जलापूर्ति चालू कराना

*973. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के खावा झपानी में ग्रामीण जलापूर्ति योजना पुनर्गठन योजना के तहत जलापूर्ति के लिये वर्ष 2006 में स्वीकृति प्रदान किया गया था, किन्तु उक्त योजना का कार्य अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खावा झपानी जलापूर्ति योजना को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*974. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत डुमरिया घाट पर प्रतिवर्ष हजारों शवों का दाह-संस्कार गंडक नदी के किनारे किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् शवदाह गृह नहीं रहने के कारण उक्त स्थल पर शवों का दाह-संस्कार करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला के डुमरिया घाट में विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सीमेन उपलब्ध कराना

*975. श्री (डॉ०) अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 मई, 2014 के अंक में छपी खबर ''अच्छे नस्ल के सीमेन का 980 केन्द्रों पर रोक'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर स्थित 980 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों पर अच्छे नस्ल के सीमेन का पिछले 1 वर्ष से उपलब्धता बंद होने से राज्य के पशुपालकों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष पूर्व से 10 करोड़ रुपये की सरकारी राशि की उपलब्धता के बाद भी योजना बंद है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि के उपयोग नहीं करने वालों पर कार्रवाई करते हुये राज्य के सभी केन्द्रों पर सीमेन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## जलमीनार का निर्माण

*976. श्री सत्यदेव नारायण आर्य—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ प्रखण्ड के ग्राम सूर्यपुरा, मुरौरा, मेहनौर, मानपुर में जलमीनार निर्माण का कार्य वर्ष 2013 से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनारों का निर्माण कार्य पूरा करेगी, नहीं, तो क्यों ?

---

## नालों की सफाई

*977. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 मार्च, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''गरमी में ऐसा जाम, तो क्या होगा नालों का बरसात के समय में'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में मार्च, 2014 के प्रथम सप्ताह में नालों की उड़ाही करने की योजना थी जो अभीतक प्रारम्भ भी नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लोहानीपुर नाला, बाकरगंज नाला, मंदिरी नाला, आनन्दपुरी नाला में गाद, मिट्टी एवं लम्बे घास, पेड़ उग आने के कारण पानी बहाव अवरुद्ध है;

(3) क्या यह बात सही है कि नाला अवरुद्ध होने से सड़क पर जलजमाव हो जाता है जिस कारण लोगों को भारी कठिनाई होती है तथा संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नालों की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## जलमीनार का निर्माण

*978. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत कन्हमा ग्राम में जलस्तर नीचे होने के कारण पेयजल की सुविधा लोगों को नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ पर कोई जलमीनार नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कन्हमा ग्राम में जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## खुले आसमान में बेचने का औचित्य

*979. डॉ० इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पटना में बिक रहे मांस की जाँच को डॉक्टर ही नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में चौक-चौराहे, गली-मुहल्ला में सड़क के किनारे बिकने वाले बकरे, मुर्गों के मांस के कारण नगरवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पर रहा है, यदि हाँ, तो खुले आसमान के नीचे मांस, मछली बेचे जाने का क्या औचित्य है ?

नियमित फॉगिंग कराना

*980. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल एवं बाँकीपुर अंचल में पर्याप्त मात्रा में मैलाथिन एवं फॉगिंग मशीन उपलब्ध होने के बावजूद पिछले एक वर्ष से नियमित फॉगिंग नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अंचल में नियमित फॉगिंग कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*981. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत भोला साह चौक से निबंधक कार्यालय तक नाला जर्जर हो चुका है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल पर जल निकासी हेतु आर०सी०सी० नाला का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नवीकरण करना

*982. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप 2011-12 के अन्तर्गत सभी आहर एवं पईन का पुनरुद्धार के साथ सभी सिंचाई परियोजनाओं का नवीकरण करना शामिल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमण्डल के सभी आहर पईन की उड़ाही एवं सिंचाई परियोजना का नवीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*983. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के हनुमान मंदिर के निकट से तिरहुत एकेडमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट तक सड़क काफी जर्जर हो चुका है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार बनाना

*984. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने 2006 में सभी प्रखंड मुख्यालय में जलमीनार बनाने का निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय में अभीतक जलमीनार का निर्माण नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय में कबतक जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

इलाज की समुचित व्यवस्था

*985. डॉ० अच्युतानंद—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 31 दिसम्बर, 2013 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 45.2 प्रतिशत लोगों की जीविका का साधन पशुपालन है;

(2) क्या यह बात सही है कि पशुओं में 14 प्रकार की बीमारियाँ होती है एवं राज्य के सरकारी पशु चिकित्सालयों में इन बीमारियों का समुचित इलाज नहीं होने के कारण राज्य के किसानों को प्रतिवर्ष 146 करोड़ 17 लाख 80 हजार की क्षति होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के पशुओं को इलाज की समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कृषि गोदाम बनाना

*986. श्री प्रभात रंजन सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के प्रखंड बगहा-1 में कृषि गोदाम नहीं रहने से किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कृषि गोदाम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति की व्यवस्था

*987. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर में विगत तीन महीनों से जलापूर्ति बिल्कुल ठप है, निजी कुएँ और सरकारी नलकूप के सूख जाने से पानी के लिये हाहाकार मचा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नगर में जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार का निर्माण

*988. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मनसुरचक पंचायत के वार्ड नं0 14 में 2010 में ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु जलमीनार की स्वीकृति प्रदान किया गया था, परन्तु वर्तमान समय तक भी जलमीनार निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिसके कारण जनता को पेयजल हेतु काफी मशक्कत करना पड़ता है, तो सरकार उक्त जलमीनार का निर्माण कबतक कराकर जलापूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बस स्टैण्ड बनाना

*989. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बनमनखी नगर पंचायत अवस्थित बस स्टैण्ड एन0 एच0 सड़क पर चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क पर बस स्टैण्ड एवं टेम्पू स्टैण्ड होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, फलस्वरूप आम नागरिकों को आवागमन में काफी असुविधा होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बनमनखी नगर पंचायत के अन्दर बस स्टैण्ड बनाने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पार्कों का निर्माण

*990. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 4849, दिनांक 20 अगस्त, 2010 द्वारा पटना के कंकड़बाग स्थित शालीमार स्वीट्स के उत्तर (एम0आई0जी0) पार्क, भूतनाथ रोड डॉ0 मानव क्लिनिक के पास पार्क, राजेन्द्र नगर रोड नं0 1 में पार्क तथा भूतनाथ रोड सेक्टर 6 ब्लौक 5 के पास पार्क निर्माण कार्य हेतु कुल अंके 186.516 लाख रु0 की स्वीकृति देने के बावजूद इन पार्कों का निर्माणारंभ अबतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पार्कों का निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

आवास खाली कराना

'ग' *991. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बहादुरपुर में सेक्टर 7/5 में जो आवास विधायक को आवंटित किया गया है, उक्त आवास को अवैध रूप से असामाजिक तत्व कब्जा किये हुये हैं तथा संवेदक को रिपेयरिंग कार्य नहीं करने दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुये आवास को खाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट--'ग' भवन निर्माण विभाग से नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित ।

कार्य पूर्ण कराना

*992. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के द्वारा सहरसा सदर अस्पताल में लगभग 50 लाख रु0 की राशि से ड्रेनेज, सीवरेज, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय का जीर्णोद्धार हेतु कार्य इस विभाग को दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष, 2012 में इस कार्य का शुभारंभ भी किया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि सहरसा सदर अस्पताल में शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण रोगियों की भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जलमीनार बनाना

*993. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में जलमीनार बनाने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2005-06 में लिया गया था, किन्तु गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्ड मुख्यालय में अबतक जलमीनार का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कुचायकोट प्रखण्ड मुख्यालय के लोगों की सुविधा के लिये जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

लक्ष्य को प्राप्त करना

*994. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में गव्य पालन योजना अन्तर्गत बिहार में गरीब दलित एवं महादलितों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर पशुपालन का कार्य प्रारंभ किया गया था, परन्तु उक्त योजना के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ऋण का वितरण नहीं किथा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने का विचार रखती है ?

------------

सौन्दर्यीकरण करना

*995. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमण्डल स्थित बेनीपुर हाट का सौन्दर्यीकरण नहीं होने के कारण व्यापारियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बेनीपुर हाट का सौन्दर्यीकरण कबतक करने का विचार रखती है ?

## पेयजल की आपूर्ति

*996. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुशहरी प्रखंड के चार पंचायत पताही, मधुबनी, मझौली खेतल एवं भगवानपुर शहर के बिल्कुल नजदीक है, जिस कारण आबादी काफी घनी है जिसे गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से इन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने के विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का पक्कीकरण

*997. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के हजजन के घर होते हुये महादलित टोला होते हुये कुम्हार टोला एस० 1--60 तक सड़क पक्कीकरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## मदर हैचरी की स्थापना

*998. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 1 सितम्बर, 2013 को समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''मदर हैचरी खोलने की योजना फ्लॉप'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समेकित मुर्गी ग्राम योजना के तहत प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2012-13 में पटना, नालन्दा, भोजपुर, गया, वैशाली एवं जहानाबाद के सभी प्रखंडों में 15-15 लाख रुपये की लागत से मुर्गीपालन को बढ़ावा देने के लिये मदर हैचरी स्थापित किया जाना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के लिये 7.5 लाख सब्सीडी तथा 7.5 लाख बैंक ऋण का प्रावधान था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक जिलावार कुल कितने मदर हैचरी की स्थापना की गयी, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

## जलमीनार का निर्माण

*999. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढागाच्छ प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2013 में जलमीनार का निर्माण किया गया, किन्तु उद्घाटन के पूर्व ही जलमीनार क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करते हुये जलमीनार का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1000. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत समेत विभाग द्वारा अन्य चयनित योजनाओं का कार्यान्वयन स्थानीय समाचार-पत्रों में निविदा निकालकर तय समय एवं तिथि पर किये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शाहपुर को वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 में तेरहवें वित्त आयोग, बी०आर०जी०एफ० समेत अन्य मदों में प्राप्त राशि से चयनित योजनाओं का कार्य कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, शाहपुर द्वारा बिना स्थानीय समाचार-पत्रों में निविदा का प्रकाशन किये नियम के प्रतिकूल मनचाहे संवेदक को कार्य आवंटित किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता की उच्चस्तरीय जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1001. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 10 जून, 2014 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''रोहतास में कीड़े व चूहे खा गये सात हजार क्विंटल अनाज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में पैक्सों एवं किसानों से 56 हजार क्विंटल गेहूँ का क्रय हुआ था, जिसमें से 28 हजार क्विंटल गेहूँ एस०एफ०सी० को भेजा गया तथा 28 क्विंटल गेहूँ गोदाम में रखा गया;

(2) क्या यह बात सही है कि जब गोदाम में रखे गये गेहूँ की नीलामी की गयी तो क्रय केन्द्र के प्रभारी श्री अरूणंजय कुमार द्वारा यह रहस्योद्घाटन किया गया कि 28 हजार क्विंटल में से 7 हजार क्विंटल गेहूँ चूहों द्वारा चट कर लिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो चूहों द्वारा 7 हजार क्विंटल गेहूँ चट करने का बहाना बना कर इसके गबन करने का क्या कारण है तथा सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुये उनसे सरकारी राशि वसूल करने का विचार रखती है ?

---------

जीर्णोद्धार कराना

*1002. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 16 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''रोज बह जाता है 72 करोड़ लीटर पानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना स्थित बोरिंग रोड, कंकड़बाग, जक्कनपुर, जनता रोड, गर्दनीबाग आदि इलाकों में लीकेज एवं नल टूटे होने के कारण हर रोज 72 करोड़ लीटर पानी बर्बाद होकर नाले में बह रहे हैं जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार आम जनता के हित में पुराने पाइप लाइन एवं नालों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1003. डॉ० (मो०) जावेद--दिनांक 3 जून, 2014 के अंक में छपे समाचार-पत्र के शीर्षक ''नाला टूटने से लोगों में आक्रोश बनाने का दिया भरोसा'' के आलोक में माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत तेघरिया के वार्ड नं० 6, 7 में ओरियंटल पब्लिक स्कूल से पानी टंकी तक नाला का निर्माण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नाला सात महीने के अंदर ही टूट गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर संवेदक एवं अभियंता पर उचित कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक का पदस्थापन

*1004. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के जिला पशुपालन अस्पताल में तीन वर्षों से मात्र दो डॉक्टरों के भरोसे ही अस्पताल चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक मानक के अनुसार डॉक्टरों का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पानी की आपूर्ति

*1005. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा विधान-सभा क्षेत्र के दारौंदा प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय जलालपुर तथा सिसवन प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय एवं चैनपुर में विगत 2 वर्षों से पानी टंकी बनकर तैयार है, लेकिन उससे आम जनता को पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकी है, जिसके कारण आम जनता को पानी के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी से आम जनता को पानी की आपूर्ति करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1006. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित मुंगेर के वार्ड संख्या 40 में बीचा गाँव मुख्य पथ पर महादेव शर्मा के घर के पास से मस्जिद के सामने के दुर्गा स्थान होते हुये काली स्थान मंदिर तक एवं श्री कचौड़ी शर्मा के घर से काली स्थान होते हुये मजिस्ट्रेट साहब, श्री परमेश्वर चौधरी के घर तक और काली स्थान से स्व. रामचन्द्र ठाकुर घर के पीछे तक कुल लम्बाई 600 मीटर, चौड़ाई 12 फीट तक सड़क नहीं रहने के कारण वर्षा के दिनों में आम जनता को कीचड़ एवं गन्दे पानी में सड़कों से गुजरना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जलापूर्ति शुरू करना

*1007. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के बहेड़ी पश्चिमी पंचायत नौडेगा एवं बेनीपुर प्रखण्ड के अमैठी एवं कन्हौली में जलापूर्ति हेतु बोरिंग तीन वर्ष पहले किया गया, परन्तु आजतक जलापूर्ति शुरू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त तीनों स्थानों पर जलापूर्ति कबतक शुरू करने का विचार रखती है ?

सड़क का पक्कीकरण

*1008. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत निगम क्षेत्र में संदलपुर वार्ड नं0 36 गुहिया पोखर के पास नगर निगम शौचालय एवं ट्रॉंसफॉर्मर से गुमटी नं0 7 तक एक किलो मीटर कच्ची सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता के आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*1009. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंडान्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के मेहीदास कुटी से जमींदारी बाँध होते हुये गंगा नदी एल0सी0टी0 घाट तक बायपास सड़क नहीं रहने से एल0सी0टी0 घाट में वाहनों के आवागमन के कारण मनिहारी शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ कबतक सड़क बनाने का विचार रखती नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापना करना

*1010. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के पशुपालन औषधालय, भेलाठी में मात्र एक कम्पाउंडर पदस्थापित है एवं चिकित्सक का पद रिक्त है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पशुपालन औषधालय में पशु चिकित्सक का पदस्थापन कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

आवास उपलब्ध कराना

*1011. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में जे0एन0एन0 भी0आर0 एम0 के अन्तर्गत आवास बोर्ड द्वारा राज्य के चार शहरों यथा भागलपुर, पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर में 25,000 फ्लैट जननिजी भागीदारी के अन्तर्गत निर्माण कराना था, परन्तु उक्त फ्लैटों के निर्माण की प्रक्रिया अभीतक शुरू भी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना के अन्तर्गत शहरों में फ्लैटों का निर्माण कराकर कबतक शहरी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1012. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्रांक 945, दिनांक 24 जून, 2005 में स्पष्ट उल्लेख है कि माननीय सदस्य बिहार विधान-सभा को परिवाद की सम्पुष्टि हेतु शपथ-पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है ;

(2) क्या यह सही है कि प्रश्नकर्ता से सरकार के अवर-सचिव, सहकारिता विभाग, द्वारा पत्रांक 2397/पटना, दिनांक 30 मई, 2013 को परिवाद-पत्र में शपथ-पत्र देने हेतु निदेश दिये गये हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के निदेश का उल्लंघन करने वाले दोषी पदाधिकारी पर सरकार क्या कार्रवाई करना चाहती है ।

**प्रभारी मंत्री**--(1) स्वीकारात्मक है।

(2) अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि विभागीय पत्रांक 2397, दिनांक 30 मई, 2013 के द्वारा श्री मंजीत सिंह, विधायक आवास, सम्पक्राइम्ट (सरपेन्टाईन) रोड पटना को उनसे प्राप्त परिवाद पत्र दिनांक 19 मार्च, 2013 के आलोक में शपथ-पत्र की माँग की गयी थी, न कि श्री मंजीत कुमार सिंह माननीय सदस्य बिहार विधान-सभा से, क्योंकि उक्त परिवाद पत्र न ही माननीय सदस्य से लेटर हेड पर था और न ही उसमें यह कहीं भी उल्लेखित था कि परिवाद कर्ता माननीय सदस्य विधान-सभा हैं। श्री मंजीत कुमार सिंह माननीय सदस्य बिहार विधान-सभा के पत्रांक 07 जून, 2013 के आलोक में विभागीय पत्रांक 2582, दिनांक 17 जून, 2013 के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि माननीय सदस्य को परिवाद की सम्पुष्टि मात्र करनी है।

(3) उपरोक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

---

आवास बनाना

*1013. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के राजगीर नगर पंचायत अन्तर्गत महादलित परिवार स्वीपर डोम ज्ञाति के लिए रहने का आवास नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजगीर नगर पंचायत में सफाई का कार्य डोम (महादलित) जाति ही कर रहा है और वे भी गन्दे नाला तथा शौचालय के गन्दगी के बीच निवास कर रहे हैं, जिससे तरह-तरह की बीमारी के शिकार हो जाते हैं ;

(3) यदि उक्त प्रश्न खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नाधीन डोम (महादलित) जाति के लिए आवास बनाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण से मुक्ति

*1014. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलाँ के बैकुंठपुर प्रखंड बासघाट मसूरिया के खाता नं0 547, सर्वे नं0 1361, रकबा 0-1-13 धुर भूमि गैर-मजरूआ मालिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बासघाट मसूरिया के खाता नं0 547, खसरा नं0 1361, रकबा 0-1-13 धुर गैर-मजरूआ मालिक भूमि पर उक्त गाँव के हिरा लाल राय, सुरेश राय, उतिम राय, कैलाश राय द्वारा पक्का करकट छत्तदार पक्का दलान बनाकर अवैध रूप से कब्जा कर ली गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमण वाद सं0 2/12-13 सरकार बनाम कैलाश राय वगैरह में न्यायालय अंचल अधिकारी बैकुंठपुर द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2014 को अतिक्रमण हटाने हेतु आदेश निर्गत किया गया था ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो गैर-मजरूआ मालिक भूमि को अतिक्रमण से कबतक मुक्त करने का विचार रखती है ?

जलमीनार का निर्माण

*1015. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के उचका गाँव प्रखण्ड स्थित बड़वाँ मठ को पर्यटन स्थल वर्ष 2008 में घोषित किया गया है, परन्तु वहाँ जलमीनार नहीं रहने से वहाँ आनेवाले तथा स्थानीय लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक जलमीनार निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार का निर्माण

*1016. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मनसुरचक प्रखण्ड स्थित समसा पंचायत एक के वार्ड नं0 6 से 12 तक आर्सेनिक युक्त पानी के साथ ही जल स्तर नीचे चले जाने के कारण स्थानीय निवासी को पेयजल की काफी कठिनाई हो रही है, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में विद्युत् चालित जलमीनार का निर्माण कर जलापूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू करवाना

*1017. प्रो0 उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है नालन्दा जिले के थरथरी प्रखंड के ग्राम बेरमा में राजकीय नलकूप 1977 से खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक, अभियंता नलकूप प्रमंडल, बिहार शरीफ के पत्रांक 220, दिनांक 9 मार्च, 2010 द्वारा विद्युत् कार्यपालक अभियंता विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, बिहार शरीफ को उक्त नलकूप ठीक करने के लिए स्मारित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप को चालू करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन दखल कराना

*1018. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर अंचल के मौजा शोभानपुर का खाता सं0 288, खेसरा 1742, रकबा 28 डी0 जमीन भूदान यज्ञ कमिटी द्वारा स्व0 बालदेव चमार, पिता स्व0 धुधली चमार, ग्राम-सोमानपुर को दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन से श्री धनंजय यादव, विन्देश्वरी यादव, पिता-स्व0 गुलाबी यादव, ग्राम-शोभानपुर, थाना-अमरपुर, जिला-बांका द्वारा स्व0 बलदेव चमार के पुत्र अनंदी दास बेदखल कर कब्जा कर लिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो महादलित समुदाय के अनंदी दास को सरकार उक्त जमीन दखल कराना चाहती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्तिधाम का निर्माण

*1019. श्री संजय सिंह (टाईगर)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर स्थित सोन नदी के किनारे मुक्तिधाम नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को दाह-संस्कार करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कोइलवर स्थित सोन नदी के किनारे मुक्तिधाम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

जलमीनार को चालू कराना

*1020. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पानापुर, तुर्की पश्चिमी, सिमराहा मंझवलिया, मीनापुर प्रखण्ड मुख्यालय और गोरीगामा में जलमीनार छः माह से अधिक से बनकर तैयार है, परन्तु आजतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनारों को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

प्रतिनियुक्ति करना

*1021. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के अमौर प्रखण्ड में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी की 2011-12 से स्थायी प्रतिनियुक्ति नहीं होने से कृषि विकास कार्य प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी की स्थायी प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है ?

----------

मुक्तिधाम की स्थापना

*1022. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखण्ड के महानंदा नदी के किनारे तथा आजमनगर प्रखण्ड के महानंदा रिंग बाँध के किनारे मुक्तिधाम नहीं रहने के कारण 400 गाँव के लोगों को अपने परिजनों का दाह-संस्कार में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर मुक्ति-धाम की स्थापना करने का कबतक विचार रखती है ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*1023. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, 2006 पुस्तिका के पृष्ठ 29 के क्रमांक 9 के तहत् भूतपूर्व सैनिकों के विधवाओं एवं आश्रितों को राज्य सरकार द्वारा फ्लैट, मकान एवं जमीन देने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से भतपूर्व सैनिकों के विधवाओं को कोई आवास, फ्लैट, एवं जमीन नहीं दिया गया है, जिससे उनके सामने गम्भीर आवासीय समस्या बनी हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भूतपूर्व सैनिकों के विधवाओं को फ्लैट, मकान एवं जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

स्थापना कराना

*1024. श्री जाकिर हुसैन खान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत, अररिया प्रखण्ड के हरिया पंचायत के हरियाबाड़ा गाँव में मदनपुर पंचायत के मदनपुर गाँव में, शरणपुर पंचायत के शरणपुर ग्राम में, कमलदाहा पंचायत के कमलदाहा ग्राम में गेड़ा पंचायत के ईदगाह चौक के पास, चातर पंचायत के लहडौरा ग्राम में 10 कि० मी० के दायरे में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थानों पर पशुचिकत्सालय के निर्माण हेतु पत्र के माध्यम से 7 माह पूर्व में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जिला पदा०, अररिया को पत्र देने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पशु चिकित्सालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नगर भवन का जीर्णोद्धार

*1025. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् क्षेत्र में अवस्थित एक मात्र नगर भवन जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस नगर भवन के जीर्णोद्धार के लिये वर्ष 2013 में सरकार द्वारा 50 लाख रु० आवंटन किया गया था, यदि हाँ, तो सरकार इस नगर भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*1026. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत दानापुर प्रखण्ड के आर०पी०एस० मोड़ से खगौल पथ एवं बी०बी० गंज, दानापुर से नया टोला होते हुये बेली रोड अत्यंत ही महत्वपूर्ण पथ है, जो जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों सड़कों का रख-रखाव विगत पाँच वर्षों से नहीं होने एवं सड़कों के किनारे नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव की भीषण समस्या रहने से आवागमन प्रभावित हैं, यदि हाँ, तो सरकार इन सड़कों की मरम्मती एवं सड़कों के किनारे नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना को पूर्ण कराना

* 1027. डॉ0 प्रेम कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 योजना के अन्तर्गत मुजफ्फरपुर जलापूर्ति परियोजना रुपये 76.23 करोड़ की लागत से दिनांक 26 दिसम्बर, 2011 को प्रारंभ की गई थी, जिसे दिनांक 25 दिसम्बर, 2013 तक पूर्ण करना था, किन्तु अभीतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उड़ाही कराना

* 1028. श्री विजय कुमार सिन्हा--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 मई, 2014 के पेज 7 में प्रकाशित शीर्षक ''बारिश से मनसिंघा पईन में हुआ जल-जमाव'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् क्षेत्र में जल निकासी हेतु मनसिंघा पईन का निर्माण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मनसिंघा पईन को वार्ड नं0 30 में अतिक्रमण कर घर बना लिया गया है, जिससे पईन उड़ाही नहीं हो पाती जिससे बरसात में कोर्ट, कलेक्ट्रेट एवं शहर की आधी आबादी जल-जमाव से प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मनसिंघा पईन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कर उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परियोजना को पूर्ण कराना

* 1029. डॉ0 प्रेम कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के अन्तर्गत पटना जलापूर्ति परियोजना रुपये 548.83 करोड़ की लागत से 13 मार्च, 2012 को प्रारंभ की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजना को 12 मार्च, 2014 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था, परन्तु अभीतक परियोजना अपूर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परियोजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी का निर्माण .

*1030. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत चौसा प्रखंड के ग्राम चुनी मिल्की की आबादी 10,000 है उक्त ग्राम में पीने के पानी का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित ग्राम में पानी टंकी का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार का निर्माण

*1031. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखंड के ग्राम पंचायत पौरा-केना खराँठ एवं लोहरपुरा में जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिससे पेयजल की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में जलापूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार का निर्माण

*1032. श्री संजय सिंह (टाईगर)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोइलवर प्रखंड के खनगाँव, संदेश प्रखंड के भखगाँव बाजार एवं उदवंतनगर प्रखंड के गजराजनगंज बाजार में जलमीनार नहीं रहने के कारण 5 हजार लोगों को आर्सेनिक जल पीने के लिये विवश होना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आर्सेनिक जल पीने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त तीनों स्थानों पर जल मीनार बनाने का निर्णय कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*1033. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला बांका प्रखंड कटोरिया पं0 कठौन के ग्राम गहना के महादलित टोला को सम्पर्क पथ जोड़ने के लिये दो वर्षों से भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई अपर समाहर्ता/भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी के पास लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार भूमि अधिग्रहण कर इस गाँव को कबतक सम्पर्क पथ से जोड़ने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस पड़ाव की व्यवस्था

* 1034. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियां एवं शाहपुर बाजार में स्थायी बस पड़ाव न होने से बाजार में जाम रहने के कारण एम्बुलेंस, अग्निशामन एवं अन्य वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जाम से मुक्ति दिलाने हेतु स्थायी बस पड़ाव की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति कराना

* 1035. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों सरारी, जमालुद्दीनचक, लखनीबीघा, कोथवाँ, हथियाकांध, रघुरामपुर, जमसौत आदि पंचायतों के निवासी चापाकल के पानी का सेवन करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार इन सभी ग्राम पंचायतों में कबतक जलमीनार बनाकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 17 जुलाई, 2014 (ई0) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

--------

बि0स0मु0 (एल0ए0), 64-डी0टी0पी0-450